मतलब का झूठा जग सारा,
है सच्चा श्याम तेरा द्वारा,
तुझको पुकारा सांवरे,
हारा मैं तो हारा सांवरे,
तुझको पुकारा सांवरे,
हारा मैं तो हारा सांवरे।।

तर्ज तू पागल प्रेमी आवारा।

दो पहलू दुनिया के,
दो रुख़ वाली दुनियादारी,
झूठी कभी हुई ना होगी,
श्याम तेरी सरकारी,
तेरी सरकारी पे दिल हारा,
है सच्चा श्याम तेरा द्वारा,
तुझको पुकारा साँवरे,
हारा मैं तो हारा सांवरे,
तुझको पुकारा साँवरे,
हारा मैं तो हारा सांवरे।।

तेरे द्वार से था अंजान अभी तक,
द्वार बुलाया तूने,
पास बिठाकर ममता का,
भंडार लूटाया तूने,
तेरी कृपा पे दिल हारा,

है सच्चा श्याम तेरा द्वारा,
तुझको पुकारा साँवरे,
हारा मैं तो हारा सांवरे,
तुझको पुकारा साँवरे,
हारा मैं तो हारा सांवरे।।

कैसे क़र्ज़ चुकाए विक्की,
श्याम तेरा हर बार,
देता और भूल जाता तू,
दाता लखदातार,
भक्तों का हर पल रखवारा,
है सच्चा श्याम तेरा द्वारा,
तुझको पुकारा साँवरे,
हारा मैं तो हारा सांवरे,
तुझको पुकारा साँवरे,
हारा मैं तो हारा सांवरे।।

मतलब का झूठा जग सारा,
है सच्चा श्याम तेरा द्वारा,
तुझको पुकारा सांवरे,
हारा मैं तो हारा सांवरे,
तुझको पुकारा सांवरे,
हारा मैं तो हारा सांवरे।।

Singer Vicky Singla

Source:
https://www.bharattemples.com/tujhko-pukara-sanware-haara-main-to-haara-saware/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw